प्रेस–विज्ञप्ति

राजस्व विभाग, उ0प्र0 — लेखपाल भर्ती परीक्षा– 2015

जनपद का नाम – इटावा — परीक्षा का नाम : लेखपाल राजस्व

विज्ञापन संख्या– 659 /भूलेख–2015 — दिनांक : जून 17 ,2015

आवेदन पत्र स्वीकार (Submit) किये जाने की अंतिम तिथि– 22 जुलाई, 2015

परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अंतिम तिथि– 21 जुलाई 2015

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर ऑन–लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 30 अगस्त, 2015 को किया जाना प्रस्तावित है। परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा ऑन–लाइन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियों का विवरण

क्रम	पदनाम	दिनांक 01 जुलाई 15 को आयु	वेतनमान	कुलरिक्त पदों की संख्या	अना–रक्षित	अनु–सूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ी जाति	पद हेतु शैक्षिक अर्हता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष	रू0 5200–20200 (ग्रेड पे–2000)	125	94	20	4	7	माध्यमिकशिक्षा परिषद, उ0प्र0 कीइण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोईअन्यपरीक्षा में उत्तीर्ण	1–प्रादेशिक सेना मेंन्यूनतम दो वर्षकी अवधि तक सेवा की हो, या 2–राष्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाणपत्र प्राप्त किया हो

1– लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली 2006 यथा संशोधित 2014 एवं समय समय पर जारी कियेगये शासनादेश एवं परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठपरीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्तकार 20 अंक का होगा।

2– दिनांक 01.07.2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक न हो। रिक्त पदों की संख्या को बढ़ाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों, उ0प्र0 समाज के विकलांगों तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान अद्यतन शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3– ऑन–लाइन फार्म दिनांक 22.06.2015 से दिनांक 22.07.2015 तक जमा किये जा सकेंगे। सामान्य और पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से रू0 300/–(+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 150/–(+ बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई–चालन के माध्यम से जिलाधिकारी के पक्ष में देय होगा, जिसका उल्लेख ऑन लाइन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4– प्रदेश के सभी जनपदों में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा तथा इस संबंध में कोई भी प्रार्थनापत्र स्वीकार नहीं होगा।

5– परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80अंक की तथा साक्षात्कार 20अंक का होगा, परीक्षा संबंधी जानकारी के संबंधमें तिथि समय और परीक्षाएवं साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीदवारों को ई–प्रवेशपत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की बेबसाइट**http://bor.up.nic.in** और जिले की वेबसाइट**http://etawah.nic.in** पर उपलब्ध होगा।

6– ऑन लाइन आवेदन का प्रारूप, आफ लाइन परीक्षा संबंधी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश एवं परीक्षा संबंधी अन्य प्रासंगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण दिनांक 22.06.2015 से परिषद के बेबसाइट **http://bor.up.nic.in** और जिले की वेबसाइट **http://etawah.nic.in** पर उपलब्ध हो जायेगा।

(नितिन बंसल)

अध्यक्ष, चयन समिति/जिलाधिकारी, इटावा।

Lek 2015